भारत सरकार
भारी उद्योग और लोक उद्यम मंत्रालय
भारी उद्योग विभाग

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 5528
जिसका उत्तर मंगलवार, 28 अप्रैल, 2015 को दिया जाना है

कार का उत्पादन

5528. श्री सी गोपालकृष्णन:

क्या भारी उद्योग और लोक उद्यम मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार इस बात से अवगत है कि हाल ही में देश में कारों का उत्पादन घट रहा है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और गत तीन वर्षों में प्रत्येक वर्ष तथा चालू वर्ष के दौरान उत्पादित कारों की संख्या कितनी रही;

(ग) क्या सरकार का महानगरों में कारों की बिक्री पर प्रतिबंध लगाने का कोई प्रस्ताव है; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर
भारी उद्योग और लोक उद्यम राज्य मंत्री
(श्री जी. एम. सिद्देश्वर)

(क): जी, हां। विगत दो वर्षों में वैश्विक और घरेलू बाजार में यात्री वाहनों के उत्पादन में वृद्धि आर्थिक मंदी की वजह से अनियमित रही है। वित्त वर्ष 2014 में यात्री वाहनों के उत्पादन में 4% की गिरावट देखी गई जबकि वित्त वर्ष 2015 में उत्पादन 4% बढ़ा है।

(ख): विगत तीन वित्तीय वर्षों में उत्पादित यात्री वाहनों का ब्यौरा नीचे दिया गया है:-

वर्ग	**2012-13**	**2013-14**	**2014-15**
यात्री कार	2,423,086	2,322,578	2,416,862
यूटिलिटी वाहन	568,538	568,692	629,255
एमपीवी	239,434	196,703	174,055
कुल यात्री वाहन	**3,231,058**	**3,087,973**	**3,220,172**

(ग): जी, नहीं। महानगरों में कारों की बिक्री पर प्रतिबंध लगाने का ऐसा कोई प्रस्ताव नहीं है।

(घ): प्रश्न नहीं उठता।

*****